# मयूरी विशेष विद्यालय,

(सेठ निनुऑराम चेरिटेबल पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अन्तर्गत)

# धौलपुर ज़िला, राजस्थान

**“हम होंगे कामयाब एक दिन”**



# वार्षिक रिपोर्ट 2015-16

(सेठ निनुऑराम चेरिटेबल पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अन्तर्गत)

## विषय-सूची


| क्रमांक | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| १. | सचिव की ओर से संदेश | २ |
| २. | वस्त्र और कपास से खिलौने बनाने  का प्रशिक्षण | ३ |
| ३. | शिक्षकों.अभिभावक की बैठक | ४ |
| ४. | ६६ वॉ स्वतंत्रता दविस | ५ |
| ५. | शिक्षक दिवस | ७ |
| ६. | स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन | ८ |
| ७. | बाल दिवस | १० |
| ८. | हवन कार्यक्रम | ११ |
| ९. | विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन | १२ |
| १०. | मकर सक्रांति एवं लोहिड़ी पर्व मनाया गया | १४ |
| ११. | बसंत पंचमी पर्व मनाया गया | १५ |
| १२. | ६७ वॉ गणतन्त्र दिवस | १६ |
| १३. | राजस्थान स्थापना दिवस | १८ |
| १४. | अभिभावक प्रतिक्रिया | १९ |

# <u>सचिव की ओर से संदेश</u>

सेठ निनुऑंराम चेरिटेबल पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अन्तर्गत कार्यरत मयूरी विशेष विद्यालय वर्ष 2000 से विशेष रूप से धौलपुर जिले के निशक्तजनों की बेहतर जिंदगी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं| इसमें सभी अभिभावकों का सहयोग विशेष रूप से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने मैं रहा है| ये बच्चे आज साफ सफाई से रहते हैं| इनमें एक दूसरे की मदद करने की बहुत ही इच्छा शक्ति हैं| ये सब स्कूल में सेवार्थ सभी शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ की कड़ी मेहनत से संभव हुआ हैं| स्कूल में समय- समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कड़ी मेहनत करके ये बच्चे भाग लेते रहे हैं और स्कूल से बाहर जाकर भी इन्होने स्वर्ण पदक, रजत पदक जीते है| ये सब हम सभी के मन को अत्यंत सुखदायी एवंम गौरवशाली बनाता हैं और इनको जीवन की मुख्य धारा के साथ जोड़ने के लिए और ज्यादा प्रेरित करता हैं |

स्कूल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का व बच्चों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का वर्ष 2015-16 का ब्यौरा प्रस्तुत हैं|

स्कूल के आदर्श वाक्य " हम होंगे कामयाब एक दिन" के साथ|

विश्वास और सदभावना के साथ

**For & on behalf of**
**Seth Ninuaram Charitable**
**Public Welfare Society**
**Secretary**

# 1 वस्त्र और कपास से खिलौने बनाने का प्रशिक्षण

संस्था द्वारा मयूरी विशेष विद्यालय में वस्त्र और कपास से खिलौने बनाने का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सभी बच्चों को वस्त्र और कपास से खिलौने बनाना सिखाया गया। विद्यालय की संचालिका श्रीमती मधु गर्ग ने कहा कि मानसिक रूप् से कमजोर बच्चों के विकास के लिये सभी को सहयोग करना चाहिये। इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोडने की कोशिश हमेशा होती रहनी चाहिये और समाज में पूरा दर्जा दिया जाना चाहिये।







# 2 शिक्षकों-अभिभावक की बैठक

मयूरी विशेष विद्यालय मे शिक्षकों-अभिभावक की बैठक का आयोजन हुआ | इस बैठक में बच्चों को पढ़ाते समय आने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया | विद्यालय की संचलिका श्रीमती मधु गर्ग ने बच्चों की साफ-सफाई समस्याओं के बारे में जानकारी दी | इसी बीच अभिवावकों ने भी सामने आने वाली अनेक समस्याओं के बारे में अवगत कराया |



# 3 - 69वॉ स्वतंत्रता दिवस

संस्था द्वारा  मयूरी विशेष विद्यालय में 69वॉ स्वतंत्रता दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया | ध्वज रोहण कर सभी ने राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्र.छात्राओं के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसकी समारोह में उपस्थिति सभी अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्तियो` ने सराहना की और सभी ने ताली बजाकर बच्चों का उत्साहवर्दन किया ।






मयूरी विशेष विद्यालय
आपका हार्दिक स्वागत करता है


हम होंगे कामयाब एक दिन

# 4 शिक्षक दिवस

विद्यालय में 05.09.2015 को शिक्षक दिवस  बड़े धूम धाम से मनाया गया । सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में यह शिक्षक दिवस मनाया जाता हैं | विद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में माँ सरस्वती का चित्र एवं राधाकृष्ण का चित्र लगाकर पूजा अर्चना की । विद्यालय की संचालिका श्रीमती मधु गर्ग ने माँ सरस्वती एवं राधाकृष्ण के चित्र पर माला अर्पण की और पूजा अर्चना की ।



## 5 स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन

मयूरी विशेश विद्यालय में बच्चों का स्वास्थ परीक्षण लायंस क्लब के अध्यक्ष की देखरेख में संम्पन्न हुआ। जिसमें बच्चों के दॉत, नाक, कान, स्वास्थ की जॉच की गई तथा जिन में कोई कमी पाई गई उसके लिये विद्यालय स्टॉफ को उनके घर सूचित करने को कहा गया की साफ सफाई का ध्यान विशेश रखा जाय एवं भोजन सन्तुलित किया जाय। आदि बाते बच्चो को समझाई गई।








रह पाएंगे। अनुभव करेंगे। रहे। दिन मध्यम है।

पं. श्यामनारायण व्यास

# लगाया चिकित्सा शिविर

धौलपुर. लायंस क्लब की ओर से गुरुवार को मयूरी विशेष विद्यालय ओंडेला रोड पर लॉयन सुभाष सिंघल अध्यक्ष, के संरक्षण में दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में लॉयन डॉ. प्रखर मंगल सचिव की ओर से 55 विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया। यह शिविर क्लब की ओर से संचालिक सेवा सप्ताह समारोह के क्रम लगाया गया। शिविर में लॉयन कैप्टन सुरेशचंद शर्मा, सुरेन्द्र गोयल, अनुराग मुदगल, ऋषभ गुप्ता, पुनीत मुदगल, राकेश गर्ग, वासुदेव गर्ग, श्रीनिवास अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विद्यालय निदेशक मधु गर्ग का सहयोग रहा।

## मिशन कर रहा कल्याणकारी कार्य

निरंकारी मिशन काफी समय से देशव्यापी पौधारोपण व सफाई अभियान चलाता आ रहा है और विश्व के कई देशों में इसे विस्तार दे रहा है, जो सराहनीय है।

यह बात सांसद डॉ. मनोज राजौरिया ने निरंकारी मिशन के सदस्यों से मुलाकात के दौरान कही। सांसद ने कहा कि मिशन ने अन्य संस्थाओं को भी ऐसे समाज कल्याणकारी कार्यों के लिए उत्साहित किया है और हर अभियान में बढ़चढ़ कर योगदान दिया है।




# 6 गांधी जयंती

दिनॉक 02.10.2015 को मयूरी विशेष विद्यालय में गांधीजी व लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस एवं स्वछता अभियान पूरे जोश के साथ मनाया गया । जिस्मे विद्यालय प्रज्ञना में गांधीजी की प्रतिमा पर माला अर्पण एवं पुष्प अर्पित किये गए ।  शिक्षिकाओं ने गांधी जयंती की जानकारी बच्चों को दी। इस अवसर पर बच्चों को मिठाईयॉ वितरित की गई।



# 7 बाल दिवस

दिनॉक 14.11.2015 को मयूरी विशेष विद्यालय में पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन के रूप में बाल दिवस पूरे जोश के साथ मनाया गया । जिसमे विद्यालय प्रांगण में पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माला अर्पण एवं पुष्प अर्पित किये गए । इस अवसर पर बच्चों मिठाईयॉ वितरित की गई एवं बच्चों के दुऑरा सांस्कृतकि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिस्ने सब का मन मोह लिया।



# 8 हवन कार्यक्रम

विद्यालय में वैदिक विधि विधान से हवन कराया गया | विद्यालय की संचालिका श्रीमती मधु गर्ग के परामर्श पर आर्य समाज के आर्य वेद मुनि एवं आर्य श्री रघुवीर मुनि के द्वारा बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक लाभार्थ तथा पीने के पानी की समस्या के लिए हवन किया ।




धौलपुर @ SUNDAY

पेयजल समस्या होगी दूर

# 9 विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

मयूरी विशेष विद्यालय में दो दिवसीय विश्व विकलांगता दिवस आयोजित हुआ । यह आयोजन समाज कल्याण अधिकारी के आथित्य में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता समाज सेवी श्री डॉ आर एस गर्ग ने की। इस अवसर पर विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

सामाजिक न्याय व आधिकारिकता विभाग की ओर से विश्व विकलांगता दिवस का समापन विद्यालय मे जिला कलेक्टर के मुख्य अतिथि के कर कमलो द्वारा सम्प्न हुआ इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिसने सब का मन मोह लिया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि हम विशेष बच्चों को आत्म निर्भर बनाये यह बच्ये सामान्य बच्चों से ज्यादा अनुशासित होते हैं ।



» | धौलपुर... मयूरी विशेष विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लेते नि:शक्त बच्चे

## नि :शक्त बच्चों ने खेल में दिखाया भारी उत्साह

### मयूरी विशेष विद्यालय में विश्व विकलांग दिवस मनाया

एक्सप्रेस न्यूज




» | धौलपुर... खेल प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित अतिथिगण

**धौलपुर 3 दिसम्बर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय नि:शक्तजन क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मयूरी विशेष विद्यालय में समाज कल्याण अधिकारी मनोज आर्य के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. आरएस गर्ग ने की।

उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि मनोज आर्य ने कहा कि मंदबुद्धि और मूक बधिर बच्चों में भी अनेकों प्रतिभायें होती है ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें आगे आने का अवसर मिलता है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी डॉ. आरएस गर्ग ने कहा कि हमें ऐसे बच्चों का उत्साह बढ़ाना चाहिये। विद्यालय की संचालिका मधु गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत कर विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में रस्साकसी में सुभाष हाउस ने आजाद हाउस को हराया। इसी प्रकार म्यूजिकल चेयर रेस में मूक बधिर छात्रा मोनिका तथा मंदबुद्धि छात्र अंकित ने विजय हासिल की। प्रतियोगिता में रस्साकसी, थ्रोबॉल, दौड़, चेयर रेस, चम्मच दौड़, बैडमिंटन का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तौमर, शंकर लाल अग्रवाल, जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, कोमल सिंह, मुन्नालाल, नम्रता, रेखा, प्रीति, गुड़िया आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता समापन समारोह गुरुवार को दोपहर 2 बजे आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर कुमार पाल गौतम होंगे। अध्यक्षता समाज कल्याण अधिकारी मनोज आर्य तथा विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी गणेश धाकरे होंगे।





हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
पिंकी कुशवाह

# 10 मकर सक्रांति एवं लोहिड़ी पर्व मनाया गया

दिनॉक 14.01.2016 को मयूरी विशेष विद्यालय में मकर सक्रांति एवं लोहिड़ी पर्व पुरे जोश के साथ मनाया गया। शिक्षिकाओं ने मकर सक्रांति एवं लोहिड़ी पर्व की जानकारी बच्चों को दी। इस अवसर पर सभी बच्चों ने एकत्रित होकर सभी बच्चों ने अग्नि मे लकड़ी एवं तिल के लड्डू, मक्का के दाने, इत्यादि सामग्री प्रज्वलित कि।



# 11 बसंत पंचमी पर्व मनाया गया

मयूरी विशेष विद्यालय में बसंत पंचमी पर्व आनंदोल्लास के साथ मनाया गया । सबसे पह्ले माँ सरस्वती का चित्र लगाकर पूजा अर्चना की । विधलया की संचालिका श्रीमती मधु गर्ग ने माँ सरस्वती के चित्र पर माला अर्पण की और पूजा अर्चना की शिक्षिकाओं ने बसंत पंचमी पर्व की जानकारी बच्चों को दी।



# 12 - 67वॉ गणतन्त्र दिवस

संस्था द्वारा  मयूरी विशेष विद्यालय में 67 वॉ गणतन्त्र दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया इस कार्यकर्म में मुख्य अतिथि जिला किसान समिति धोलपुर के अध्यक्ष श्रीमान कायम सिंह परमार तथा विशिष्ट अथिति श्री सुरेश चन्द्र मीना, अभियन्ता विद्युत विभाग एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के सचिव श्री मनीश दधिचि थेA संस्था सचिव श्री आर0एस0गर्ग जी ने मुख्य अथिति को माला पहना कर स्वागत किया। मुख्य अथिति द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही छात्र छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसकी समारोह में उप-िस्थत सभी अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्तियो ने सराहना की और सभी ने ताली बजाकर बच्चों का उत्साहवर्दन किया अंत में अध्यक्ष ने बच्चों के उत्साह के लिये दो शब्द कहे और बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की।




निःशक्तजन - अनुभाग



# 13 राजस्थान स्थापना दिवस

मयूरी विशेष विद्यालय में राजस्थान स्थापना दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यकर्म में विशेष बच्चों द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी लोक गीत, काहानी, नित्ये, इत्यादि ने वातावरण को मधुर कर दिया । कार्यकर्म के अध्यक्षता संचालिका श्रीमती मधु गर्ग के द्वारा किया गया ।



# 14 अभिभावक प्रतिक्रिया









राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं हरियाणा से प्रकाशित

9414028148, 9461888000, 9314073444 9414028148 hindustanexpress@outlook.com hindustanxpressdaily@gmail.com
www.hindustanexpress.net @hindustanexpressraj @xpresdaily

## डॉ. आरएस गर्ग ने शहीद के परिवार को दी एक लाख की आर्थिक सहायता

### शहीद के परिवार को मयूरी सर्जीकल हॉस्पीटल ने निशुल्क चिकित्सा सेवा देने की घोषणा की

एक्सप्रेस न्यूज

**धौलपुर 6 दिसम्बर।** नागरोटा में मातृभूमि की रक्षा करते हुये शहीद राघवेन्द्र सिंह परिहार की धर्मपत्नी वीरांगना अंजना को सोमवार को ग्राम गढ़ी जाकर में धौलपुर के शल्य चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ. आरएस गर्ग ने एक लाख रुपये का चैक प्रदान करते हुये शहीद के परिवार को मयूरी सर्जीकल हॉस्पीटल द्वारा निशुल्क चिकित्सा सेवा देने की घोषणा की। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. गर्ग ने कहा कि शहीद राघवेन्द्र परिहार द्वारा अपनी मातृभूमि के लिये दिया गया बलिदान सदैव याद किया जाता रहेगा। सामाजिक कार्यकर्ता संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि शहीद राघवेन्द्र परिहार के बलिदान से जिले के युवाओं में राष्ट्र की सेवा करने का जोश पैदा हुआ है। भाजपा के शहर अध्यक्ष रामकुमार गर्ग ने शहीद राघवेन्द्र के परिवार को राज्य सरकार से अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध करायी जायेगी। भाजपा नेता नरेन्द्र तौमर एवं राघवेन्द्र उपाध्याय ने शहीद राघवेन्द्र के परिजनों को ढांढस बंधा श्रद्धांजलि अर्पित की।



धौलपुर... गांव गढ़ी जाकर में शहीद राघवेन्द्र सिंह की पत्नी को एक लाख का चैक सौंपते समाजसेवी डॉ. आरएस गर्ग, भाजपा नगर अध्यक्ष रामकुमार गर्ग, संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तौमर व राघवेन्द्र उपाध्याय

Hindustan Express

**Hindustan Express**

National Hindi Daily



डॉ. आर एस गर्ग को सम्मानित करते राज्यमंत्री अरुण चतुर्वेदी

## समाजसेवी डॉ. आरएस गर्ग को किया सम्मानित

### राज्य स्तरीय समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया सम्मानित

**धौलपुर 1 मार्च।** राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा शुक्रवार को जयपुर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में जिले समाजसेवी डॉ. आरएस गर्ग को समाज कल्याण मंत्री अरुण चतुर्वेदी, प्रमुख शासन सचिव मंजीत सिंह, आयुक्त नवीन महाजन, निदेशक रघुवीर सिंह मीणा ने शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिंह तथा दस हजार रुपये की पुरुस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

डॉ. गर्ग को यह सम्मान मूक बधिर बच्चों को शिक्षा के लिये मयूरी विशेष विद्यालय तथा इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये सम्मानित किया गया है। समारोह में मंत्री अरुण चतुर्वेदी द्वारा पिछले 15 वर्षों से लगातार उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्था के रुप में मयूरी विशेष विद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। राज्य स्तर पर सम्मानित किये जाने पर शिवशंकर अग्रवाल, डॉ. महावीर दुबे, कायम सिंह, निरोतीलाल गर्ग, मुरारी लाल सिंघल, संजीव श्रीवास्तव, नरेन्द्र तौमर, चीकू कमठान, महेन्द्र त्यागी, कन्हैयालाल शर्मा, अरविन्द शर्मा, गोविन्द शर्मा, अनुराग शर्मा, रामकुमार गर्ग, शंकरलाल, मुन्नालाल गायेल, नेमीचन्द अग्रवाल, मुकेश गोयल आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

विश्वास और सदभावना के साथ

**For & on behalf of**
**Seth Ninuaram Charitable**
**Public Welfare Society**
**Secretary**